इसी मामले में चार अन्य लोगों को भी सजा सुनाई गई है। अदालत ने संतोष सिंह, अजीत सिंह, धर्मराज सिंह और सुनील सिंह को दोषी करार दिया है। इन चारों दोषियों में से प्रत्येक को तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने इन चारों पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। **यदि इनमें से कोई भी दोषी जुर्माने की राशि नहीं चुकाता है, तो उसे सात-सात दिन की अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी।**

## एनडीपीएस एक्ट के मामले में मनोज बिन्द को सजा

अलीनगर थाने में दर्ज नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े एक मामले में भी अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। यह मामला साल 2015 का है, जब अलीनगर थाने में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में रोहड़ा गांव के रहने वाले मनोज बिन्द को आरोपी बनाया गया था। मामले की सुनवाई करते हुए एएसजे/एफटीसी प्रथम न्यायालय ने मनोज बिन्द को दोषी ठहराया। अदालत ने मनोज बिन्द को 20 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। **अगर मनोज बिन्द इस जुर्माने की रकम को जमा करने में नाकाम रहते हैं, तो उन्हें तीन महीने की अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी।**

## पुलिस की प्रभावी पैरवी और वैज्ञानिक जांच से मिली सफलता

इन सभी मामलों में आरोपियों को सजा दिलाने के पीछे पुलिस और अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी को मुख्य वजह बताया जा रहा है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इन सभी मामलों में मॉनिटरिंग सेल और संबंधित थानों के पैरोकारों ने अदालत में बहुत ही प्रभावी ढंग से पैरवी की। इस पूरी कानूनी प्रक्रिया में अभियोजन अधिकारी अवधेश कुमार पाण्डेय (एडीजीसी) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। पुलिस प्रशासन का कहना है कि **वैज्ञानिक विवेचना यानी साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन और पुख्ता साक्ष्य संकलन के कारण ही अदालत में अभियुक्तों के खिलाफ दोष सिद्ध करने में बड़ी सफलता मिली है।**

# Varanasi News: वाराणसी में दर्ज केस में जुड़ा है एनडीपीएस ऐक्ट

livehindustan.com/uttar-pradesh/varanasi/story-court-action-against-codeine-syrup-smuggling-in-varanasi-201788380851322.html

Hindustan | Bureau September 2, 2026

## Varanasi News: वाराणसी में कोडिन युक्त कफ सिरप के तस्करी के चार मुकदमे दर्ज हैं। इसमें शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद समेत 40 आरोपी बनाए गए हैं। अब तक 50 करोड़ की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं और 62 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

Varanasi News: वाराणसी, प्रमुख संवाददाता। कोडिन युक्त कफ सिरप की तस्करी की दशा में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई का फैसला सुनाया है। हालांकि वाराणसी में दर्ज सभी मुकदमों में पहले से ही एनडीपीएस ऐक्ट में केस दर्ज हैं। वाराणसी में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं। सबसे पहला केस बीते साल 19 नवंबर को कोतवाली थाने में दर्ज हुआ था। सरगना शुभम जायसवाल, उसके पिता भोला प्रसाद समेत कुल 40 फर्म संचालक आरोपी बनाए गए थे। इसके बाद रोहनिया थाने में केस दर्ज किया गया था, जब भदवर स्थित एक जिम के नीचे गोदाम से दो करोड़ की कफ सिरप बरामद की गई थी। इसकी जांच के दौरान डोमरी (रामनगर) में भी भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद हुई थी। रोहनिया के बाद रामनगर में भी मुकदमा दर्ज हुआ। चौथा मुकदमा सारनाथ में दर्ज हुआ, जब ड्रग विभाग की छापेमारी में परशुरामपुर में अवैध फर्म पकड़ी गई थी। चारों केसों में शुभम और उसके पिता भोला प्रसाद नामजद हैं।

## मुकदमों की विवेचना

मुकदमों की विवेचना के क्रम में सबसे पहले रोहनिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दिल्ली की सफेमा कोर्ट के जरिये संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद अन्य तीनों केस में भी एनडीपीएस अधिनियम की धाराएं जोड़ते हुए सफेमा कोर्ट के निर्देश पर संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं।

## 50 करोड़ की संपत्तियां जब्त, 25 करोड़ पर सुनवाई

एसीपी कोतवाली विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक वाराणसी में सरगना शुभम, उसके पिता भोला, उसके सहयोगियों एवं अन्य तस्करों की करीब 50 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। जबकि गिरफ्तार एवं फरार चल रहे चार आरोपियों की 25 करोड़ की संपत्ति की जब्तीकरण के लिए कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

## अब तक 62 गिरफ्तार

वाराणसी में चार मुकदमों में कुल 62 गिरफ्तारियां हुई हैं। सबसे अधिक कोतवाली में 41 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। रामनगर में छह, सारनाथ में नौ और रोहनिया में छह को गिरफ्तार किया गया।

## एनडीपीएस ऐक्ट के कारण सफेमा कोर्ट से कार्रवाई

दिल्ली में सफेमा कोर्ट में तस्करी, विदेशी मुद्रा की हेराफेरी एवं एनडीपीएस ऐक्ट के तहत संपत्तियों को जब्त करने संबंधी मामलों की सुनवाई होती है। इस कोर्ट के जरिये एनडीपीएस मामले में त्वरित तौर पर संपत्ति की जब्तीकरण की गई।

## गैंगस्टर ऐक्ट में भी मुकदमे

शुभम, भोला समेत अन्य आरोपियों पर सारनाथ, कोतवाली और रोहनिया में गैंगस्टर ऐक्ट में भी मुकदमे दर्ज हैं। सरगना शुभम भगोड़ा घोषित है। बंदी प्रत्यर्पण कानूनी प्रक्रिया के तहत दुबई से उसे भारत लाने की कवायद की जा रही है।

# गांजा तस्करी में दो दोषियों को 4-4 साल की कैद:तीन साल पहले पुलिस ने पकड़ा था, 20-20 हजार का जुर्माना भी लगा

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/sonbhadra/news/sonbhadra-court-sentences-drug-smugglers-ganja-case-138911645.html

दैनिक भास्कर September 2, 2026

मनोज कुमार वर्मा | सोनभद्र14 घंटे पहले

सोनभद्र में तीन साल पहले 5.5 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़े गए दो दोषियों सैफ खां और शंकर को कोर्ट ने 4-4 साल कैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र गोविंद मोहन की अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। दोनों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न देने पर उन्हें एक-एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। जेल में बिताई गई अवधि उनकी सजा में जोड़ी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 7 मई 2023 की है। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बेलखुरी मोड़ पर उपनिरीक्षक ऐश खां अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद थे। वे वाहनों की तलाशी ले रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो लोग तलाशी देखकर पहले बाइक की रफ्तार धीमी की और फिर तेजी से भागने की कोशिश करने लगे। शक होने पर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान उनके पास से 5.5 किलोग्राम गांजा मिला। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान सैफ खां पुत्र स्वर्गीय मजमूद खां (निवासी हर्षनगर, रॉबर्ट्सगंज) और शंकर पुत्र शिवधारी (निवासी पूरब मोहाल, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र) के रूप में बताई। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत एफआईआर दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जांच के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनीं, गवाहों के बयान दर्ज किए और सभी सबूतों को देखा। इसके बाद कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया।दो दोषियों सैफ खां और शंकर को कोर्ट ने 4-4 साल कैद की सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील शशांक शेखर मिश्र ने पैरवी की।

# हेरोइन रखने के दोषी को 8 साल की जेल:50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया, 20 ग्राम चिट्टा बरामद किया था

bhaskar.com/local/rajasthan/hanumangarh/news/hanumangarh-sangaria-drug-trafficking-convict-sentenced-jail-138910547.html

दैनिक भास्कर

September 2, 2026

हनुमानगढ़ के संगरिया में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी ने मनोज उर्फ रोडिया को अवैध हेरोईन रखने के आरोप में दोषी ठहराया है। कोर्ट ने उसे 8 साल की जेल और 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

सरकारी वकील कैलाश कुमार सिवंल ने बताया- यह मामला 24 फरवरी 2020 का है। उस दिन थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार संगरिया कस्बे में गश्त पर थे। चौटाला रोड पर आरटीपी नहर पटरी के पास एक व्यक्ति खड़ा था।

उस व्यक्ति ने पुलिस को देखकर अचानक चलना शुरू कर दिया। शक होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) मिली।

पुलिस ने मनोज उर्फ रोडिया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में एनडीपीएस एक्ट में चार्जशीट दाखिल की गई।

अभियोजन पक्ष ने कुल 12 गवाह पेश किए और 47 दस्तावेज सबूत के तौर पर दिखाए। सरकारी वकील कैलाश कुमार सिवंल ने बहस के दौरान कोर्ट से कहा कि आरोपी के पास से अवैध हेरोईन मिली थी। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी गंभीर अपराध है।

उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया कि अपराध की प्रकृति, गंभीरता और जब्त मादक पदार्थ की मात्रा को देखते हुए आरोपी को कड़ी सजा दी जाए।

# बागोड़ा में आरोपी के घर से स्मैक-एमडीएमए बरामद:एक गिरफ्तार, 34 ग्राम स्मैक और 18 ग्राम एमडीएमए जब्त

bhaskar.com/local/rajasthan/jalore/bagaura/news/bagoda-drugs-seizure-arrest-smack-mdma-rajasthan-crime-138909273.html

दैनिक भास्कर September 2, 2026

बागोड़ा में एएनटीएफ और बागोड़ा पुलिस की टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कार्रवाई की। जैसावास गांव में एक आरोपी के घर से 34 ग्राम स्मैक और 18 ग्राम एमडीएमए बरामद किया गया। पुलिस ने जैसावास निवासी अणदाराम पुत्र कानाराम मेघवाल को गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ को जानकारी मिली थी कि अणदाराम के घर पर अवैध नशीले पदार्थ रखे हुए हैं। जानकारी की पुष्टि होने पर एएनटीएफ टीम ने बागोड़ा पुलिस से संपर्क किया और मिलकर कार्रवाई की।

टीम आरोपी के घर पहुंची तो पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करके उसे पकड़ा। इसके बाद घर की तलाशी ली तो वहां से 34 ग्राम स्मैक और 18 ग्राम एमडीएमए मिला। पुलिस ने दोनों नशीले पदार्थ जब्त करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से नशीले पदार्थों की सप्लाई और उसके नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

# मोगा में पुलिस की बड़ी कारेवाई, 85 ग्राम हेरोइन और 120 नशीली गोलियां बरामद, 7 आरोपी अरेस्ट

dainiksaveratimes.com/punjab/moga-police-recovered-85-grams-of-heroin-and-120-narcotic-pills

Dalip Kumar September 2, 2026

**मोगा :** मोगा जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 85 ग्राम हेरोइन और 120 नशीली गोलियां बरामद की हैं। इन मामलों में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

थाना निहाल सिंह वाला की पुलिस ने गश्त के दौरान दाणा मंडी निहाल सिंह वाला क्षेत्र से हरप्रीत सिंह उर्फ पुत्र रेशम सिंह निवासी मधेके रोड, निहाल सिंह वाला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की। थाना बाघापुराना पुलिस ने गांव फूलेवाला के पास गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जगदीप सिंह पुत्र कुलवंत सिंह और बलकार सिंह पुत्र तरसेम सिंह, दोनों निवासी घोलियां कलां, को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की।

इसी तरह थाना सदर मोगा पुलिस ने गांव घल्ल कलां क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सतनाम सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी गांव धल्लेके को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 28 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। थाना धर्मकोट पुलिस ने गांव किशनपुरा कलां क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेंकु सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी नूरपुर हकीमां और बाज सिंह पुत्र चमकौर सिंह निवासी जलालाबाद पूर्वी को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन और 120 नशीली गोलियां बरामद की गईं।

वहीं थाना बधनी कलां पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए महकप्रीत सिंह पुत्र बिट्टू सिंह निवासी गुरुद्वारा बाबा जीवन सिंह के नजदीक, राऊके रोड, बधनी कलां को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# Jaunpur News: बक्सर से 90 लाख रुपये की हेरोइन लेकर पहुंचा तस्कर

अ amarujala.com/uttar-pradesh/jaunpur/smuggler-arrives-from-buxar-with-heroin-worth-rs-90-lakh-jaunpur-news-c-313-1-svns1007-159373-2026-09-03

वाराणसी ब्यूरो September 2, 2026

वाराणसी ब्यूरो Updated Thu, 03 Sep 2026 01:10 AM IST

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और दिलदारनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हेरोइन के साथ गिरफ्ता
दिलदारनगर। बिहार के बक्सर से हेरोइन की खेप लेकर गाजीपुर पहुंचे तस्कर को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और पुलिस ने मंगलवार की देर शाम डिलीवरी से पहले दबोच लिया। उसके कब्जे से 458 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 90 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह हेरोइन बक्सर से लेकर आया था और इसकी खेप दिलदारनगर थाना क्षेत्र के रकसहां निवासी मो. सैफ को पहुंचानी थी। एएनटीएफ थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि टीम को मंगलवार को तस्कर के आने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने पुलिस के साथ वायरलेस चौराहे से जमानियां की ओर जाने वाले मार्ग पर बहुअरा मोड़ के पास घेराबंदी कर दी।
इसी दौरान संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 458 ग्राम हेरोइन के अलावा नकद 120 रुपये बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बहुअरा निवासी मो. अकलीम खां (29) के रूप में हुई।

पूछताछ में अकलीम ने बताया कि वह बक्सर से हेरोइन लेकर आया था। थाना प्रभारी के अनुसार, वह इसे रकसहां निवासी मो. सैफ को देने जा रहा था। पुलिस ने अकलीम के खिलाफ दिलदारनगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है। एएनटीएफ और पुलिस अब उस व्यक्ति की तलाश में जुटी है, जिसे हेरोइन की खेप पहुंचाई जानी थी।
डिलीवरी से पहले गिरफ्तारी ने खोली कड़ी : एएनटीएफ थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि अकलीम की गिरफ्तारी से पुलिस को हेरोइन की सप्लाई के एक कनेक्शन का पता चला है। अब जांच इस बात पर केंद्रित है कि बक्सर से खेप किसके जरिए पहुंची और गाजीपुर में इसे आगे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। पुलिस आरोपी के बताए लोगों की भूमिका भी खंगाल रही है।

# Ambala News: हेरोइन के साथ पंजाब का तस्कर गिरफ्तार

amarujala.com/amp/haryana/ambala/punjab-smuggler-arrested-with-heroin-ambala-news-c-36-1-amb1001-168836-2026-09-02

अमर उजाला ब्यूरो

September 2, 2026

अंबाला सिटी। एएनसी (एंटी नारकोटिक्स सेल) की टीम ने एनएच-44 पर देवीनगर लबाना पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी कर पंजाब के एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन (स्मैक), एक मोबाइल, 500 रुपये की नकदी और बिना नंबर की बजाज डिस्कवर बाइक बरामद हुई है।

एएसआई सतप्रकाश की अगुवाई में टीम गश्त पर थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि फतेहगढ़ साहिब (पंजाब) निवासी जशनप्रीत सिंह उर्फ जशन नशीला पदार्थ बेचने अंबाला आ रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजपत्रित अधिकारी (ईटीओ) मनदीप कुमार की मौजूदगी में आरोपी की नियमानुसार तलाशी ली। इस दौरान आरोपी की जींस की जेब से नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

# एक करोड़ की हेरोइन और 20 लाख का अफीम बरामद:ANTF की अलग अलग कार्रवाई में दो तस्कर गिरफ्तार

**bhaskar.com**/amp/local/uttar-pradesh/news/antf-ghazipur-kurukshetra-drug-smugglers-arrested-heroin-opium-seized-138910514.html

दैनिक भास्कर September 2, 2026

उत्तर प्रदेश एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने दो अलग-अलग अभियानों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सवा करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश के निर्देश पर चलाए गए अभियान में गाजीपुर से 458 ग्राम हेरोइन बरामद की गई जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपये बताई गई है। वहीं दूसरी कार्रवाई हरियाणा के कुरुक्षेत्र में की गई, यहां से झारखंड निवासी विक्रम के पास से 3 किलो 580 ग्राम अफीम बरामद हुई है ।

एएनटीएफ थाना गाजीपुर की टीम ने थाना दिलदारनगर क्षेत्र में वायरलेस चौराहे से जमनियां जाने वाले रोड पर बहुअरा मोड़ के पास मोहम्मद अकलीम खां को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 458 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह हेरोइन बिहार के बक्सर से लाया था और अपने साथी को देने जा रहा था, जो आसपास के जिलों में इसकी सप्लाई करता था और मुनाफा आपस में बांट लिया जाता था।

दूसरा मामला एएनटीएफ थाना मेरठ और हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीम का है। टीम ने कुरुक्षेत्र के पिपली चौक ओवरब्रिज के पास विक्रम कुमार (पुत्र भुनेश्वर दांगी, निवासी ग्राम टोना टांड, जिला चतरा, झारखंड) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 3 किलो 580 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी ने बताया कि वह काफी समय से यह काम कर रहा है। अफीम हजारीबाग (झारखंड) से सस्ते दामों में खरीदकर कुरुक्षेत्र सप्लाई करने पहुंचा था। इससे पहले वह झारखंड से अफीम लाकर सहारनपुर और आसपास के इलाकों में सप्लाई कर चुका है। आरोपी के इनपुट के आधार पर आगे और पीछे की सप्लाई चेन पर निगरानी की जा रही है।

# Roorkee News: अफीम तस्करी का नेटवर्क चलाने वाला डॉक्टर बदायूं से दबोचा

amarujala.com/uttarakhand/roorkee/doctor-running-opium-smuggling-network-nabbed-in-badaun-roorkee-news-c-5-1-drn1027-1056260-2026-09-02

देहरादून ब्यूरो September 2, 2026

देहरादून ब्यूरो Updated Wed, 02 Sep 2026 06:24 PM IST

चर्चित वेबसीरिज मिर्जापुर के कालीन भैया की तर्ज पर उत्तराखंड में अफीम की तस्करी चलाने वाले उत्तर प्रदेश के डॉक्टर को लक्सर कोतवाली पुलिस ने बदायूं से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बीते साल अक्तूबर माह में अफीम रैकेट का पर्दाफाश करते हुए दो पैडलर्स को 341 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस की पूछताछ में नाम सामने आने के बाद आरोपी फरार हो गया था। एक वर्ष से लक्सर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

पुलिस उपाधीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि बीते साल दो ड्रग पैडलर्स की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद के बिनावर थाना क्षेत्र निवासी आरोपी धर्मेंद्र का नाम सामने आया था। पकड़े गए आरोपियों ने बताया था कि डॉक्टर की दुकान चलाने वाले धर्मेंद्र ने उन्हें अफीम की खेप दी थी। इसे उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद में बेचा जाना था।

प्राथमिकी में धर्मेंद्र का नाम भी शामिल करते हुए उसके ठिकानों पर दबिश दी गई थी लेकिन वह फरार हो गया था। बीते करीब एक वर्ष से वह ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। इंस्पेक्टर के निर्देशन में पुलिस टीम उसके नजदीकियों की निगरानी करते हुए उसकी जानकारी जुटा रही थी। इस दौरान आरोपी के संबंध में कुछ सूचनाएं पुलिस को मिली। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बदायूं में एक ठिकाने पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# हरियाणा: कुरुक्षेत्र में नशा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, 3.580 किलो अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

अ amarujala.com/haryana/kurukshetra/major-crackdown-on-drug-trafficking-in-kurukshetra-interstate-smuggler-arrested-with-3-580-kg-of-opium-2026-09-02

Naveen September 2, 2026

संवाद न्यूज एजेंसी, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) Published by: Naveen Updated Wed, 02 Sep 2026 02:41 PM IST

सार

## पुलिस टीम ने पिपली चौक ओवरब्रिज के पास जीटी रोड पर निगरानी और नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ समय बाद एक व्यक्ति पीठ पर बैग लटकाए आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखते ही उसने वापस मुड़ने का प्रयास किया।

आरोपी - फोटो : संवाद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 किलो 580 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने अफीम की खेप लेकर सप्लाई के लिए पहुंचे एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिक्रम कुमार गांव टोना टांड जिला चतरा, झारखंड का रहने वाला है।

यूनिट प्रभारी निरीक्षक मांगेराम ने बताया कि एसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि झारखंड निवासी बिक्रम कुमार बड़ी मात्रा में अफीम लेकर पिपली चौक क्षेत्र में सप्लाई करने पहुंचेगा।

सूचना के आधार पर टीम ने पिपली चौक ओवरब्रिज के पास जीटी रोड पर निगरानी और नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ समय बाद एक व्यक्ति पीठ पर बैग लटकाए आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखते ही उसने वापस मुड़ने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 3 किलो 580 अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपी से जुड़े पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए पूछताछ में लगी है।

# Saharanpur News: चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

livehindustan.com/uttar-pradesh/saharanpur/story-police-crackdown-on-drug-trade-three-arrested-with-illegal-charas-in-mirzapur-201788374153644.html

Hindustan | Bureau

September 2, 2026

## Saharanpur News: चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तारचरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तारचरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तारचरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तारचरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तारचरस

Saharanpur News: मिर्जापुर। नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपियों को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों का चालान कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में पाडली ग्रांट निवासी शौकीन पुत्र इमरान को 124 ग्राम, मिर्जापुर पौल निवासी प्रवेज पुत्र जमील को 135 ग्राम और अमादपुर निवासी तौसिर पुत्र मुकर्रम को 152 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार तीनों के कब्जे से कुल 411 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# जालंधर में नशा तस्करों पर बड़ी कारेवाइ, 34 किलो चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

अ amarujala.com/video/punjab/jalandhar/video-three-accused-arrested-with-charas-in-jalandhar-2026-09-01

शाहिल शर्मा

कमिश्नरेट जालंधर पुलिस के सीआईए स्टाफ ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 34 किलो 500 ग्राम चरस बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह के दिशा-निर्देशों और पंजाब सरकार की नशे के खिलाफ चल रही विशेष मुहिम के तहत की गई। कार्रवाई में डीसीपी इन्वेस्टिगेशन मनप्रीत सिंह ढिल्लों तथा सीआईए स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर सुरिंदर कुमार की टीम शामिल रही। पुलिस टीम ने 28 अगस्त को देव आनंद उर्फ नंदा पुत्र राम प्रकाश, निवासी दकोहा जालंधर को काले रंग के लिफाफे सहित काबू किया। तलाशी के दौरान लिफाफे से 1 किलो 500 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना रामा मंडी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान देव आनंद उर्फ नंदा ने इस कथित ड्रग नेटवर्क में बुद्ध बहादुर पुत्र रण बहादुर, निवासी संगत सिंह दा दफ्तर, गली शिमला पहाड़ी रोड, टांडा, जिला होशियारपुर और सुरयारती उर्फ हिमरती पुत्र प्रेम रती, निवासी बगलू, नेपाल, हाल निवासी टांडा, जिला होशियारपुर, के शामिल होने की जानकारी दी। इसके बाद दोनों को मामले में नामजद करते हुए धारा 29 एनडीपीएस एक्ट जोड़ी गई। पुलिस ने तत्काल टीमें गठित कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से पुलिस ने 33 किलो चरस बरामद की। इस तरह तीनों आरोपियों से कुल 34 किलो 500 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, देव आनंद उर्फ नंदा के खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज हैं। वहीं बुद्ध बहादुर और सुरयारती उर्फ हिमरती के खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर कथित ड्रग नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और चरस की सप्लाई के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

# महासमुंद में 23 किलो गांजा जब्त, महिला समेत 5 गिरफ्तार:ओडिशा से छत्तीसगढ़ तक फैला नेटवर्क तोड़ा, एक नाबालिग पर भी कार्रवाई

bhaskar.com/local/chhattisgarh/mahasamund/news/mahasamund-police-ganja-smuggling-network-odisha-chhattisgarh-arrest-138915741.html

दैनिक भास्कर September 3, 2026

महासमुंद पुलिस ने ओडिशा से छत्तीसगढ़ तक गांजा सप्लाई करने की कोशिश कर रहे तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग ऑपरेशन में 23.110 किलो गांजा जब्त किया। इसकी कीमत करीब 11 लाख 55 हजार 500 रुपए बताई गई है। इन मामलों में एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

**तीन युवकों से 6.290 किलो गांजा बरामद**

कोमाखान पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट टेमरी नाका और एनएच-353 के सुवरमाल चौक पर कार्रवाई की। पहले मामले में पुलिस ने गांजा ले जा रहे तीन युवकों को पकड़ा। पूछताछ और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने गांजा मंगवाने वाले मुख्य आरोपी को भी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

एनएच-353 के अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट टेमरी नाका पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बिना नंबर की मोटरसाइकिल और स्कूटी में तीन संदिग्ध गांजा लेकर निकलने वाले हैं। पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों वाहनों को रोककर तलाशी ली।

स्कूटी की डिक्की से 3.200 किलो और बजाज पल्सर की डिक्की से 3.090 किलो गांजा बरामद हुआ। इस तरह कुल 6.290 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 3 लाख 14 हजार 500 रुपए है।

**भोरिंग और करहीडीह में गांजा खपाने की थी तैयारी**

पुलिस ने तोषन साहू (29), नरेश ठाकुर (25) और पुरुषोत्तम निषाद (21) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांजा खरियार रोड-सहीपाला (ओडिशा) से लाकर महासमुंद जिले के भोरिंग और करहीडीह में बेचने की फिराक में थे।

**गांजा मंगवाने वाला मुख्य आरोपी भी गिरफ्तार**

पुलिस ने गांजा ले जाने वालों तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रखी। आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी डेटा की जांच के बाद पुलिस उस व्यक्ति तक पहुंची, जिसने गांजा मंगवाया था। पुलिस ने भोरिंग निवासी देवकुमार साहू (50) के घर छापा मारकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में गांजा, एक बाइक, एक स्कूटी और तीन मोबाइल समेत कुल 4 लाख 54 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

**महिला और नाबालिग से 16.820 किलो गांजा बरामद**

दूसरी कार्रवाई में पुलिस को एनएच-353 स्थित सुवरमाल चौक के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला और युवक बैग में गांजा लेकर बस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में महिला की पहचान कामिनी खाण्डे (20), निवासी हरदी, थाना तखतपुर, जिला बिलासपुर के रूप में हुई। उसके साथ एक विधि से संघर्षरत बालक भी मिला। बैग की तलाशी लेने पर 16.820 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 8 लाख 41 हजार रुपए बताई गई।

**पथरिया में गांजा खपाने की थी योजना**

पुलिस के मुताबिक, गांजा एम. रामपुर (ओडिशा) से लाकर पथरिया, जिला मुंगेली में खपाने की योजना थी। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया, जबकि बालक के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

**दोनों मामलों में 23.110 किलो गांजा जब्त**

दोनों मामलों को मिलाकर पुलिस ने 23.110 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी अनुमानित कीमत 11.55 लाख रुपए है। इसके अलावा दोनों मामलों में वाहन और मोबाइल समेत करीब 13.15 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

# NORTH EAST

# Woman among two held in Bengal’s Murshidabad with 1 kg heroin

**thehawk.in**/news/india/woman-among-two-held-in-bengals-murshidabad-with-1-kg-heroin

The Hawk

September 2, 2026

Kolkata, Sep 2 (IANS) The Special Task Force (STF) of the West Bengal Police on Wednesday arrested two persons, including a woman, and seized nearly 1 kg of heroin during an operation in Jotkamal area under Raghunathganj Police Station in Murshidabad district, officials said.

According to the police, the arrested persons have been identified as 60-year-old Sadhana Haldar and Taibur Rahman. They hail from the Lalgola area of Murshidabad.

Acting on a tip-off, the STF personnel conducted a raid and recovered the contraband from their possession.

A case under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, 1985, has been registered against the duo. The investigation is underway to trace the source of the heroin and identify others allegedly involved in the drug trafficking network.

The accused were produced before the court on Wednesday. An application will be made for their police custody to interrogate them further, the police said.

"Two persons, including a woman, have been arrested on charges of possessing heroin. They will be interrogated to know more about the drug trafficking ring in the district and especially in the India-Bangladesh border area. Efforts are on to find out who else is involved in this. Investigation is on," said a senior officer of the West Bengal Police.

It may be noted that the Kolkata Police recovered a huge amount of banned drug cocaine from the Karaya area in Kolkata and arrested three drug traffickers in July this year.

According to the police, a large amount of foreign drugs is being smuggled for rave parties in different parts of the city, and cocaine is in high demand among them. The police recovered 104 grams of cocaine worth more than Rs 10 lakh. Three drug traffickers named Azaharuddin Khan, Mohammad Ashfaq and Latafat Khan were caught red-handed by the police.

# SSB nabs man with 952 grams brown sugar near India-Nepal border

thehawk.in/news/india/ssb-nabs-man-with-952-grams-brown-sugar-near-india-nepal-border

The Hawk September 2, 2026

Kolkata, Sep 2 (IANS) The Sashastra Seema Bal (SSB) conducted a raid at a house near the India-Nepal border in the early hours of Wednesday and seized 952 grams of suspected brown sugar. The value of the narcotics could be more than Rs 40 lakh in the illicit market, officials said.

One person has been taken into custody in this connection.

"Around 5 a.m. on September 2, acting on specific information received from the intelligence setup of 41 Bn SSB, a joint operation was conducted by personnel of G Company, Bhatgaon, A Company, Nimuguri, and a team from Galgalia Police Station at the residence of Md Jalal (60), at Thika Toli, Galgalia, Kishanganj, Bihar. During the operation, 952 gms of suspected brown sugar was recovered in five packets from the house, with the help of a sniffer dog. A mobile detection kit verified it to be narcotics. A keypad mobile phone was also recovered from the accused," a senior SSB official said.

During interrogation, Jalal allegedly disclosed that his son-in-law, named Md Shamshad Alam, is involved in the dealing of narcotics and the packets belonged to him. The police verified the facts and confirmed that Alam is a history sheeter and has been involved in several narcotics smuggling cases.

The seized packets, along with the accused and the phone, have been handed over to the Galgalia Police Station.

On August 30, a joint team of the SSB and police had apprehended a woman from Galgalia with 50 grams of brown sugar. She had revealed that her husband and son are involved in the drug trade.

Drug trafficking is rampant in the area close to the India-Nepal border. Criminals take advantage of the boundary between Bihar and West Bengal and the international border to carry out their nefarious activities, authorities said.

"Once they cross over into West Bengal, the Bihar Police have no jurisdiction and vice versa. The police have no jurisdiction close to the border, while the SSB can't operate too far inside. The criminals are aware of this and take advantage," another official said.

The unique nature of the border between India and Nepal also poses a problem for the enforcers. Citizens of both countries require no passports or visas to move across, and not everybody can be searched without a valid reason.

Cross-border trafficking of drugs also takes place. In the past, Indians have been apprehended in Nepal with drugs, while citizens of that country have been found in possession in India. The heavy tourist footfall in Nepal and the demand for banned substances is also an issue.

Officials suspect that several gangs operate in the area. Over time, better co-ordination has evolved between the various agencies, and there is regular information sharing. Intelligence networks have also been activated for information about criminals.

"Apart from maintaining vigil along the border, we co-ordinate with central and state agencies to prevent crime in the area. Locals are also regularly told to seek out help to keep the area crime-free for their own sake," the SSB official added.

# कोर्ट मालखाना में रखे 25 नारकोटिक मामले के एग्जीबिट बिनिष्ट होंगे, National Hindi News

livehindustan.com/national/story-police-initiates-destruction-of-narcotics-in-major-anti-drug-effort-201788349288256.html

Hindustan | Bureau

September 2, 2026

# कोर्ट मालखाना में रखे 25 नारकोटिक मामले के एग्जीबिट बिनिष्ट होंगे

## पुलिस ने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए एनडीपीएस एक्ट के तहत अदालत से निष्पादित मामलों में जब्त नारकोटिक पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की है। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों के साथ मामलों की समीक्षा की और न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद इन पदार्थों के विनिष्टीकरण का निर्देश दिया है।

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांसेज) एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अदालत से निष्पादित हो चुके मामलों में जब्त नारकोटिक पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप बोकारो पुलिस इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नाथु सिंह मीणा ने हाल ही में सभी एसडीपीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी और ओपी प्रभारियों के साथ एनडीपीएस मामलों की समीक्षा की थी। समीक्षा के दौरान ऐसे 25 मामले चिन्हित किए गए, जिनका न्यायालय में निष्पादन हो चुका है। इनमें कई मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि कुछ मामलों में आरोपियों को बरी किया गया है। इन सभी मामलों में बरामद गांजा, अफीम, ब्राउन शुगर और अन्य नारकोटिक पदार्थ अदालत के मालखानों में एग्जीबिट के रूप में सुरक्षित रखे गए हैं।

## न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद शुरू की गई प्रक्रिया

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी मामले के अंतिम निष्पादन के बाद मालखाने में इन पदार्थों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। ऐसे में अब संबंधित थानों को न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर इन मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। नियमों के अनुसार, अदालत की स्वीकृति मिलने के बाद नारकोटिक ड्रग डिस्पोजल टीम की निगरानी में जब्त पदार्थों को नष्ट किया जाता है। गांजा जैसी सामग्री को जलाकर पूरी तरह समाप्त किया जाता है, जबकि अफीम, कोकीन, हेरोइन और ब्राउन शुगर जैसे पदार्थों को निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं को सौंपा जाता है, ताकि उनका दोबारा किसी भी रूप में दुरुपयोग न हो सके। नारकोटिक तस्करी पर नियंत्रण के लिए एनसीबी, जीआरपी और जिला पुलिस संयुक्त रूप से काम कर रही हैं। खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई कर मादक पदार्थ जब्त किए जाते हैं और आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की जाती है। एसपी नाथु सिंह मीणा ने एनडीपीएस से जुड़े सभी लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उनका मानना है कि मामलों का त्वरित निष्पादन और दोषियों को सजा दिलाकर नशे के नेटवर्क को कमजोर किया जा सकता है तथा युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सकता है।

# Saharsa News: कोरेक्स व स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

livehindustan.com/bihar/saharsa/story-police-arrest-three-drug-traffickers-recover-codeine-syrup-and-smack-201788377902166.amp.html

Hindustan | Bureau September 2, 2026

## Saharsa News: सहरसा में सदर थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर कोडिन युक्त कफ सिरप और स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 129 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप और 21 ग्राम स्मैक बरामद की। तस्करों में बैजु कुमार, भोलू कुमार और सोनू कुमार शामिल हैं।

Saharsa News: सहरसा, नगर संवाददाता। सदर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कोडिन युक्त कफ सिरप और स्मैक बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने 129 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप और 21 ग्राम स्मैक बरामद की। टीओपी-1 प्रभारी जितेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि हटियागाछी निवासी बैजु कुमार और भोलू कुमार अपने घर से कोडिन युक्त कफ सिरप की बिक्री कर रहे हैं।

## पुलिस की कार्रवाई

सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों घर से निकलकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर बैजु कुमार को पकड़ लिया, जबकि भोलू कुमार भागने में सफल रहा। पुलिस ने बैजु कुमार और भोलू कुमार के घर की तलाशी ली। इस दौरान घर की सीढ़ी के नीचे रखे दो काले रंग के बैग से करीब 110 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद हुई। मामले में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार बैजु कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दूसरा गिरफ्तारी

इधर, टीओपी-2 प्रभारी राघवेंद्र कुमार को सूचना मिली कि भारतीय नगर निवासी सोनू कुमार अपनी किराना दुकान से कोडिन युक्त कफ सिरप की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस किराना दुकान पहुंची। पुलिस को देखते ही दुकान में बैठा युवक भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू कुमार बताया। दुकान की तलाशी के दौरान सरसों तेल के कार्टन में छिपाकर रखी गई 19 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद हुई। पुलिस ने सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## स्मैक के साथ गिरफ्तारी

21 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार: टीओपी-2 प्रभारी राघवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कायस्थ टोला निवासी निटु कुमार को 21 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गश्ती के दौरान युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे रेलवे स्टेशन स्थित पानी टंकी के समीप पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 21 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# रांची में ब्राउन शुगर बरामदगी के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों में झड़प, टाइगर जवान घायल

**thefollowup.in**/jharkhand/news/ranchi-hindpiri-nizam-nagar-brown-sugar-recovery-police-public-clash-83452.html

3 September 2026

**द फॉलोअप डेस्क** रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के निजाम नगर में बुधवार रात ब्राउन शुगर की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टीम का गठन किया है, जिसमें युवा जवानों को शामिल किया गया है। इसी टीम के जवान सूचना के आधार पर निजाम नगर पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लेने की कोशिश की गई।

**आरोपी को पकड़ने के दौरान हुआ हंगामा** पुलिस के अनुसार, संदिग्ध को पकड़ने के दौरान उसने एक जवान की पिस्टल निकालने का प्रयास किया, जिसका जवान ने विरोध किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने खुद को निर्दोष बताते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर उसके परिवार के लोग और आसपास के कई लोग मौके पर जुट गए। देखते ही देखते भीड़ और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जिसमें एक टाइगर जवान मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

**अतिरिक्त बल पहुंचा, दो आरोपियों की पहचान** झड़प की सूचना मिलते ही एएसपी कोतवाली के साथ हिंदपीढ़ी और कोतवाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित किया और लोगों को शांत कराया। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि मामले में दो आरोपियों को चिन्हित किया गया है और दोनों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# नौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक धराया, बाइक-मोबाइल भी जब्त

livehindustan.com/national/story-youth-arrested-with-brown-sugar-on-india-nepal-border-by-ssb-and-bihar-police-201788376437199.html

Hindustan | Bureau September 2, 2026

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय किशन कुमार साह को गिरफ्तार किया। उसके पास से नौ ग्राम ब्राउन शुगर, एक बाइक और एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किया गया। युवक नेपाल में नशीले पदार्थों की खेप पहुंचाने जा रहा था।

जोगबनी, हि प्र.। भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एसएसबी और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए नौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को पकड़ा। युवक के पास से एक बाइक और एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद किया गया है। कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 180 के पास भारतीय क्षेत्र में करीब 300 मीटर अंदर की गई। एसएसबी 56वीं वाहिनी की एफ समवाय जोगबनी और जोगबनी थाना पुलिस की संयुक्त टीम विशेष गश्त पर थी। इसी दौरान टीम ने संदिग्ध अवस्था में बाइक से जा रहे युवक को रोककर तलाशी ली। बाइक की सीट के नीचे काली प्लास्टिक में छिपाकर रखा करीब नौ ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ मिला।

गिरफ्तार युवक की पहचान किशन कुमार साह (24), पिता पप्पू साह, निवासी इंद्रा नगर, वार्ड संख्या-9, जोगबनी के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बथनाहा चौक से नशीले पदार्थ की खेप लेकर नेपाल में दाईकुन नामक व्यक्ति तक पहुंचाने जा रहा था। वह कैरियर के रूप में काम कर रहा था। बाइक और मोबाइल भी जब्त संयुक्त टीम ने ब्राउन शुगर के साथ एक एंड्रॉयड मोबाइल, मोटरसाइकिल और पहचान के लिए आधार कार्ड भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी और जब्त सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जोगबनी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। कार्रवाई में एसएसबी 56वीं वाहिनी के पांच जवान और जोगबनी थाना पुलिस के तीन कर्मी समेत कुल आठ सदस्य शामिल थे। सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए एसएसबी और पुलिस की ओर से लगातार संयुक्त गश्त और कार्रवाई की जा रही है।

# गलगलिया में 952 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद, एक गिरफ्तार

livehindustan.com/national/story-major-drug-bust-952-grams-of-brown-sugar-seized-in-thakurganj-201788368550965.html

Hindustan | Bureau September 2, 2026

## गलगलिया में 952 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद, एक गिरफ्तार गलगलिया में 952 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद, एक गिरफ्तार

ठाकुरगंज, निज संवाददाता। गलगलिया थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एसएसबी और गलगलिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने बुधवार की सुबह ठीका टोली में छापेमारी कर एक घर से 952 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद की। मादक पदार्थ पांच पैकेट में छिपाकर रखा गया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घर के मालिक 60 वर्षीय मोहम्मद जलाल को गिरफ्तार किया है। मौके से एक की-पैड मोबाइल भी बरामद हुआ है। एसएसबी की 41वीं वाहिनी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार सुबह करीब पांच बजे कार्रवाई की गई। 41वीं वाहिनी की बी कंपनी भातगांव और ए कंपनी निमुगुड़ी के जवानों ने गलगलिया थाना पुलिस के साथ ठीका टोली निवासी मोहम्मद जलाल के घर पर संयुक्त रूप से छापेमारी की।

## पूछताछ के दौरान जानकारी मिली

घर की तलाशी के दौरान नारकोटिक खोजी कुत्ते की मदद से पांच पैकेट में रखा संदिग्ध मादक पदार्थ बरामद हुआ। जांच के लिए डीडी किट का भी इस्तेमाल किया गया। बरामद पदार्थ का कुल वजन 952 ग्राम बताया गया है।

## दामाद का नाम सामने आया

पूछताछ में दामाद का नाम आया सामने : पुलिस के अनुसार, मौके पर पूछताछ के दौरान मोहम्मद जलाल ने बताया कि उसका दामाद मोहम्मद शमशाद आलम मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल है और घर से बरामद संदिग्ध ब्राउन शुगर उसी की है। पुलिस ने शमशाद आलम के संबंध में भी जानकारी जुटाई है। पुलिस के अनुसार, वह पूर्व से कई मामलों में आरोपित रहा है और उसके खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामले भी दर्ज हैं।

## तस्करी के नेटवर्क की होगी जांच

थानाध्यक्ष ने कहा, तस्करी के नेटवर्क की होगी जांच : गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बरामद संदिग्ध ब्राउन शुगर को जप्त कर मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में सामने आए अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच होगी और मादक पदार्थ के पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

संयुक्त टीम ने बरामद 952 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर, मोबाइल फोन और गिरफ्तार मोहम्मद जलाल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गलगलिया थाना पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस अब मामले में जुड़े अन्य लोगों की भूमिका और मादक पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

# ब्राउन शुगर व गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, वाहन भी जब्त

lagatar.in/ranchi-news-youth-arrested-with-brown-sugar-and-cannabis-vehicle-also-seized

Lagatar News September 2, 2026

**Ranchi News :** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के डोम टोली तालाब पट्टी इलाके में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से गांजा और उसके सफारी वाहन से ब्राउन शुगर बरामद किया है.

जानकारी के अनुसार, वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार मिल रही सूचना का सत्यापन किया गया. सूचना थी कि डोम टोली निवासी मो. अनस कुरैशी सफेद रंग की टाटा सफारी वाहन से मादक पदार्थ की बिक्री कर रहा है.

1 सितंबर को पुलिस टीम ने वाहन की जांच की और वाहन के मालिक की पहचान मो. अनस कुरैशी के रूप में हुई. इसके बाद पुलिस ने आरोपी और उसके वाहन की तलाशी ली. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से करीब 16 ग्राम गांजा और 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई.

पुलिस ने मौके से 4,700 नकद, एक iPhone 13 मोबाइल फोन और टाटा सफारी वाहन भी जब्त किया. मामले में लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मो. अनस कुरैशी को गिरफ्तार किया है.पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ धनबाद जिले के बरोरा थाना में भी मामला दर्ज है. कार्रवाई में लोअर बाजार थाना प्रभारी लव कुमार सिंह समेत पुलिस पदाधिकारियों और थाना रिजर्व गार्ड की टीम शामिल थी.

# ब्राउन शुगर के साथ 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार, घर से 1.28 लाख रुपये नकद भी बरामद

livehindustan.com/national/story-godda-police-launches-crackdown-on-drug-trafficking-19-year-old-arrested-with-brown-sugar-201788373941811.html

Hindustan | Bureau September 2, 2026

## गोड्डा में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया, उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर की 30 पुड़िया और एक लाख 28 हजार 688 रुपये नकद बरामद हुए। एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम ने यह कार्रवाई की।

गोड्डा जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ गोड्डा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गोड्डा नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए ब्राउन शुगर के साथ एक 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस द्वारा बरामद सामान

पुलिस ने युवक के घर से लगभग 10 ग्राम ब्राउन शुगर की 30 पुड़िया, एक लाख 28 हजार 688 रुपये नकद, एक इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल मशीन तथा मादक पदार्थ की पैकिंग में प्रयुक्त एल्यूमिनियम फॉयल का रोल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में गठित विशेष मादक पदार्थ निरोधक टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ लगातार सूचना संग्रह, सत्यापन, निगरानी एवं विधि-सम्मत छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर मामले का सत्यापन किया गया। इसके बाद 1 सितंबर को एसडीपीओ गोड्डा आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में गोड्डा नगर थाना पुलिस की एक टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत गोढ़ीघाट गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अरुण यादव के पुत्र बिरेन्द्र कुमार उर्फ बिरू, उम्र करीब 19 वर्ष, को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा उसके घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में पुलिस को मादक पदार्थ की बिक्री और पैकिंग से संबंधित कई महत्वपूर्ण सामान बरामद हुए।

## एल्यूमिनियम फॉयल में तैयार थीं 30 पुड़िया

पुलिस के अनुसार युवक के घर से लगभग 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। मादक पदार्थ को एल्यूमिनियम फॉयल में छोटी-छोटी पुड़ियों के रूप में पैक किया गया था। पुलिस ने कुल 30 पुड़िया बरामद की हैं। इसके अलावा पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल मशीन भी जब्त की है। आशंका है कि इस मशीन का उपयोग मादक पदार्थ को तौलने के लिए किया जाता था। वहीं, पैकिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एल्यूमिनियम फॉयल का एक रोल भी पुलिस ने बरामद किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस के हाथ 1 लाख 28 हजार 688 रुपये की नकद राशि भी लगी है। बरामद नकद राशि के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## नशे के कारोबार पर पुलिस की कड़ी नजर

एसडीपीओ ने कहा है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत कार्रवाई की जा रही है। युवाओं के भविष्य को नशे की गिरफ्त में धकेलने वाले तस्करों और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और तस्करी में शामिल सभी

व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## छापेमारी दल में शामिल रहे अधिकारी

इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ गोड्डा आकाश भारद्वाज ने किया। अभियान में गोड्डा नगर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक शिवदयाल सिंह, रौतारा टीओपी प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक राज गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल, पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक इन्द्रेश शुक्ला, महिला आरक्षी ललिता कुमारी, एसडीपीओ गोड्डा के अंगरक्षक सहित गोड्डा नगर थाना के सशस्त्र बल एवं थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

# Araria News Shocking! एंबुलेंस से 60 किलो गांजा जब्त, बिहार-नेपाल सीमा पर खुली ‘स्वास्थ्य सेवा’ की पोल

deshajtimes.com/news/bihar/patna/bihar-ganja-smuggling-divya-jyoti-hospital-van-seized-nepal-border/308602

Deshaj Times September 2, 2026

Bihar Ganja Smuggling: जोगबनी से सटे नेपाल के विराटनगर में मरीज ढोने वाली सुजुकी वैन से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त हुआ है, जिससे सीमा पार तस्करी और अस्पताल की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**Bihar Ganja Smuggling:** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध कारोबार का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अररिया के जोगबनी से सटे नेपाल के विराटनगर में ‘दिव्य ज्योति अस्पताल प्रा.लि.’ लिखी एक सुजुकी वैन से करीब 60 किलो गांजा बरामद किया गया है। मरीज लाने-ले जाने के लिए इस्तेमाल होने वाली इस गाड़ी से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ मिलने के बाद सीमा पार Bihar Ganja Smuggling पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

विराटनगर महानगरपालिका-16 दरैया स्थित कोलर चौक पर यह बड़ी कार्रवाई हुई। सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल और बीओपी दरैया की एपीएफ टीम ने कोच 6620 नंबर की इस वैन को रोका। सुरक्षाबलों को देखते ही चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद की गई तलाशी में वैन के अंदर दो बोरों में अनुमानित 60 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है।

## ‘दिव्य ज्योति’ अस्पताल पर उठे गंभीर सवाल

एक अस्पताल के नाम पर चल रही गाड़ी से इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन समिति और चालक दोनों की भूमिका को संदेह के घेरे में ला दिया है। पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। उनका मुख्य फोकस वैन के असली मालिक का पता लगाने, अस्पताल के साथ इसके संबंधों और गांजा तस्करी के इस बड़े नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने पर है।

## स्वास्थ्य सेवा की आड़ में अवैध धंधा

सीमावर्ती इलाकों में मरीज ढोने के नाम पर चलने वाली गाड़ियां पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाई गई हैं। ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां चश्मा, लेंस और दवाओं की तस्करी के लिए भी ऐसी गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया है। यह ताजा घटना स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में चल रहे संभावित अवैध कारोबार पर अब और भी कड़ी निगरानी की आवश्यकता है, ताकि Nepal Border Crime पर लगाम कसी जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह एक संगठित गिरोह का काम हो सकता है, जो मेडिकल इमर्जेंसी का बहाना बनाकर नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था। इस बरामदगी के बाद अब सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस दोनों ही ऐसे वाहनों पर अपनी चौकसी बढ़ाएंगे। यह कार्रवाई सीमा पार अपराधों पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा कायम हो सके।

सत्यमेव जयते

स्वापक NARCOTICS नियंत्रण CONTROL ब्यूरो BUREAU

भारत INDIA

आसूचना प्रवर्तन समन्वय

INTELLIGENCE ENFORCEMENT COORDINATION

**Narcotics Control Bureau, Govt. of India**

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार**

Do you have a tip for NCB? Call on toll free number 1933 (24x7 : National Narcotics Helpline)

**Join Us**

narcoticsindia.nic.in | narcoticsbureau | ncbmanas | narcoticscontrolbureauindia | india.ncb

Narcotics control Bureau | narcotics-control-bureau | narcotics-control-bureau-india